Dainik Bhaskar Page No- 14

स्टार्टअप्स के लिए टाई स्मैशअप 21 से

जयपुर | स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग व आईस्टार्ट की योजना के तहत टाई राजस्थान की ओर से 21 व 22 सितंबर को स्मैशअप का 7वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर के युवा स्टार्टअप हिस्सा लेंगे। सोमवार को झालाना स्थित टेक्नो हब में टाई स्मैशअप के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर टाई राजस्थान की अध्यक्ष डॉ. शीनू झंवर व कार्यकारी निदेशक अरुण पारीक, टेक्नो हब के ओ.पी जांगिड़, स्मैशअप के संयोजक निशांत पाटनी, सह संयोजक शरद बंसल और आईस्टार्ट के मेंटर राकेश राव मौजूद रहे। शीनू ने बताया कि टाई स्मैशअप उन युवा उद्यमियों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म बनेगा,

जिनके पास यूनिक आइडिया है। यहां उद्यमी युवा स्टार्टअप को सफलता के गुर सिखाएंगे। संस्थागत निवेशक उपलब्ध कराए जाएंगे। खासतौर से प्रदेश के स्टार्टअप को राष्ट्रीय स्तर पर इंडस्ट्री से जुड़ने का अवसर मिलेगा।